कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 18/03/2021

# ऑनलाईन आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा 2020–21

## ॥ निर्देश ॥

धमतरी शहर के शैक्षणिक संस्थानों में कोरोना के नए पॉजीटिव केस मिलने के कारण विभिन्न छात्र संगठन तथा अभिभावकों की ओर से 22 मार्च से प्रस्ताव आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा को ऑनलाईन लिए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा ऑनलाईन पद्धति से लिए जाने का निर्णय लिया है।

आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा पूर्व घोषित समय-सारिणी के अनुसार ही निर्धारित तिथियों में आयोजित की जाएगी। स्नातक स्तर के समस्त नियमित छात्र-छात्राएँ निम्न निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें:-

01. सभी छात्र-छात्राएँ अपनी-अपनी कक्षाओं के Whatsapp Group में Join करें।
02. महाविद्यालय के Web site:-www.bcspgcdmt.com का नियमित अवलोकन करें।
03. आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा हेतु महाविद्यालय द्वारा Whatsapp Group एवं Web site में उपलब्ध कराए गए उत्तर पुस्तिका के मुख्य पेज (Cover Page) का ही प्रयोग करना है, विद्यार्थी इस प्रारूप की Print Out निकाल कर A4 Size के लाईनिंग पेपर में उत्तर लिखकर स्टेपलर पिन से संलग्न करें।
04. कवर पेज पर चाही गई समस्त जानकारी अनिवार्यतः पूर्ण करें एवं अपना मोबाईल नं. एवं ईमेल आई.डी. भी अंकित करें।
05. निर्धारित तिथियों में संबंधित परीक्षा के प्रश्न पत्र प्रातः 11:00 बजे से Whatsapp Group एवं महाविद्यालय की Web site में प्रेषित किए जाएगें। विद्यार्थी प्रश्न पत्रों की Print Out निकाल लेवें।
06. बी.एस.सी (बायो/गणित/आई. टी./गृहविज्ञान) एवं विधि के विद्यार्थी 31 मार्च से 03 अप्रैल 2021 तक कार्यालयीन दिवसों पर अपनी उत्तर पुस्तिका विषयवार संबंधित विभाग में ही जमा करवाएगें।
07. बी.ए. के विद्यार्थी 05 अप्रैल से 08 अप्रैल 2021 तक कार्यालयीन दिवसों पर विषयवार उत्तर पुस्तिका विषयवार संबंधित विभाग में ही जमा करवाएगें।
08. बी.कॉम.-प्रथम वर्ष के विद्यार्थी 06 अप्रैल से 10 अप्रैल 2021 तक कार्यालयीन दिवसों पर अपनी उत्तर पुस्तिका वाणिज्य विभाग में जमा कराएगें।

क्रमशः 02

Scanned with CamScanner

09. बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी/सभी संकायों के विद्यार्थी हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा की उत्तर पुस्तिका कमशः हिन्दी विभाग एवं अंग्रेजी विभाग में ही उक्त तिथियों में जमा कराएगें।

10. बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./विधि-प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थी ध्यान रखें कि सत्र 2020-21 से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के प्राप्तांक वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित कर परिणाम घोषित किए जाएगें। दोनों परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है।

11. उत्तर पुस्तिका जमा करने स्वयं विद्यार्थी को ही आना अनिवार्य है। कृपया पालक या मित्र को न भेजे। उत्तर पुस्तिका जमा करते समय अपना प्रवेश कार्ड एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र (I Card या अन्य कोई) अवश्य लावें।

12. उत्तर पुतिस्का जमा कराते समय उपस्थिति पत्रक में हस्ताक्षर करना अनिवार्य है अन्यथा Absent माना जाएगा।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner